हिंदी विश्वविद्यालय में सोमवार को अभिनेता ललित परिमू का आगमन

विद्यार्थियों को सीखाएंगे कला के गुर

वर्धा, 16 अक्तूबर 2016: हैदर, हम तुम पे मरते है, हजार चौराशी की माँ, एजंट विनोद, घूंघट जैसी



मशहूर हिंदी फिल्मों में अभिनय करने वाले जाने-माने अभिनेता ललित परिमू सोमवार एवं मंगलवार को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को अभिनय के गुर सीखाएंगे। प्रदर्शनकारी कला विभाग के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया है, जिसमें परिमू विद्यार्थियों को हिंदी फिल्म में पिछले दशकों को से आए अनुभवों को सांझा करेंगे तथा अभिनय के गुर भी सीखाएंगे। बच्चों की दुनिया में मशहूर ‘शक्तिमान’ सीरियल में उन्होंने जयकाल की भूमिका निभायी है। उन्होंने ‘मैं मनुष्य हूं’ इस शीर्षक से एक पुस्तक भी लिखी है। सोमवार एवं मंगलवार को आयोजित कार्यशाला में उपस्थित रहने का आहवान प्रदर्शनकारी कला विभाग के डॉ. सतीश पावड़े, सहायक प्रोफेसर सुरभि विप्लव, डॉ. अश्विनी कुमार सिंह तथा अभिषेक सिंह ने किया है।